संपादकीय

पानी का तांडव

बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बाढ़ की हालत बेहद गंभीर हो गई है। बिहार में अभी तक 23 जबकि उत्तर प्रदेश में 107 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। पटना सहित कई शहरों में सड़कों पर नाव चल रही है। जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। बीतते सितंबर में हुई असाधारण बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। बरसात इस महीने देश भर में हुई है लेकिन बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में इसने भयंकर रूप ले लिया। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार सितंबर में पूरे भारत में औसतन 247.1 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 48 प्रतिशत ज्यादा है। सितंबर में बारिश ने 102 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

मौसम विभाग के मुताबिक 1901 के बाद से सितंबर महीने में इतनी बारिश का यह तीसरा ही मामला है। जून से सितंबर तक औसत से 9 फीसदी ज्यादा बारिश हुई है। इसकी वजहों को लेकर मौसम विभाग का कहना है कि प्रशांत महासागर में देखे गए अल नीनो इफेक्ट ने शुरू में मॉनसून को दबाया और जुलाई में कम बारिश हुई। ठीक उसी वक्त हिंद महासागर में मॉनसून के अनुकूल वातावरण तैयार हुआ। फिर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बना जिसके लगातार बनने की वजह से लंबे वक्त तक भारी बारिश होती है। अभी कुछ ही दिनों पहले महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश बाढ़ में डूबे हुए थे जिस कारण देश भर में प्याज की नई खेप नहीं आ पाई। इसके चलते प्याज के भाव आसमान छूने लगे हैं।

बारिश के असंतुलन का नतीजा यह है कि कई राज्य जहां बाढ़ में डूबे हैं, वहीं कुछ हिस्सों में सूखा भी पड़ा हुआ है। बहरहाल, बिहार में एनडीआरएफ की टीम राहत अभियान चला रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कहना है कि यह प्राकृतिक आपदा है, जिस पर किसी का नियंत्रण नहीं है। लेकिन सचाई यही है कि इस प्राकृतिक आपदा के लिए कुछ हद तक मनुष्य भी जिम्मेदार है। पिछले कुछेक वर्षों में जिस तरह से सूखे की खबरों के बीच अचानक बाढ़ आ जाती है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि जल प्रबंधन में हमसे लगातार चूक हो रही है।

विशेषज्ञ पिछले कई वर्षों से लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से वर्षा का चक्र प्रभावित हो रहा है, इसलिए बाढ़ का खतरा पहले से कहीं ज्यादा भयावह रूप ले सकता है। इन चेतावनियों को हम किसी तैयारी का सबब नहीं बनाते। उन्हें एक कान से सुनकर दूसरे से निकाल देते हैं। नदियां ही नहीं, तालाब, झील, कुएं, नाले आदि भी या तो खुद पट गए हैं, या पाट दिए गए हैं। ऐसे में बारिश का पानी हर चीज डुबोने के ही काम आ रहा है। अकेला रास्ता पारंपरिक जलस्रोतों को दम देने का ही है। शहर इस तरह बनें कि पानी आसानी से निकल जाए। बांध से नदी में गाद भरने की बात नीतीश कुमार कह चुके हैं। इसका इलाज भी उन्हें ही खोजना है।

वेस्पा एवं अप्रिलिया ने 10 हजार रुपए मूल्य के फायदों के साथ शानदार फेस्टिव ऑफर

» पाँच साल की निशुल्क वॉरंटी के साथ इंश्योरेंस एवं अनेक ऑफर प्रस्तुत

मुंबई (आरएनएस)। पियाजिओ इंडिया ने अपने फेस्टिव ऑफर के साथ वापसी कर ली है। पियाजिओ ने अपने वेस्पा एवं अप्रिलिया रेंज के टू-व्हीलर्स पर आकर्षक, 'शानदार ऑफर' की घोषणा की है। फेस्टिव सीज़न पर केंद्रित इस अद्वितीय ऑफ़र में ग्राहकों को अगस्त से अक्टूबर के बीच दोनों ब्रांड्स पर 10 हजार रूपए मूल्य तक के फायदे मिलेंगे। 125 सीसी स्कूटर्स की मांग को देखते हुए पियाजियो इंडिया ने हाल ही में अप्रिलिया स्टॉर्म और वेस्पा अर्बन क्लब लॉन्च किए, जो स्पोर्टी अप्रिलिया 125ए150 और 150 रेस तथा आईकोनिक वेस्पा 125ए 150ए 125ए 150 एवं एलिगांते की वर्तमान श्रृंखला के साथ 'शानदार ऑफर' के साथ प्राप्त किए जा सकेंगे।

'शानदार ऑफर' के तहत ग्राहकों को पाँच साल की निशुल्क वॉरंटी मिलेगी, जिसमें दो साल की कम्प्रेसिव वॉरंटी और तीन साल की एक्सटेंडेड वॉरंटी शामिल है। ग्राहकों को खरीद के पहले साल ही निशुल्क 'ऑन रोड असिस्ट' एवं लेबर-फ्री सर्विस मिलेगी तथा 6 हजार रूपए मूल्य के पेटीएम फयदे मिलेंगे। इसके अलावा वेस्पा एवं अप्रिलिया उपभोक्ताओं को 4 हजार रूपए मूल्य का निशुल्क इंश्योरेंस मिलेगा, जिसमें 125 सीसी के सभी मॉडलों पर पाँच साल का थर्ड पार्टी निशुल्क इंश्योरेंस एवं 150 सीसी के फायदे शामिल हैं। स्पेशल फेस्टिव ऑफर के बारे में डिएगो ग्राफी, सीईओ एवं एमडी, पियाजियो इंडिया ने कहा, ''पियाजियो को वेस्पा एवं अप्रिलिया श्रृंखला के स्कूटरों पर रोचक व बेहतरीन ऑफर प्रस्तुत करने की खुशी है। हमारे आईकोनिक ब्रांड्स से जुड़ी भावनाएं एवं इस अद्वितीय ऑफर के माध्यम से हमें उम्मीद है कि हमारे ग्राहकों को ये ब्रँड बहुत पसंद आएंगे।

आशीष याख्मी, हेड ऑफटू-व्हीलर बिज़नेस ने कहा, ''वेस्पा और अप्रिलिया विश्वप्रसिद्ध ब्रांड हैं और हमें उन्नत उत्पाद प्रस्तुत करने की खुशी है, जिनमें अत्याधुनिक इटैलियन तकनीक को हमारी स्थानीय जरूरतों के अनुरूप समायोजित किया गया है। अप्रिलिया स्टॉर्म एवं वेस्पा अर्बन क्लब के लॉन्च के साथ हम प्रीमियम सेगमेंट में अपने प्रोडशक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं और एक्सक्लुसिव 'शानदार ऑफर' के साथ हम अपने उपभोक्ताओं को वित्तीय फायदे एवं बेहतरीन कस्टमर सेवा प्रदान करना चाहते हैं। वेस्पा के बारे में: पियाजिओ ने 1946 में वेस्पा लॉन्च किया। विश्वभर में टू व्हीलर सेगमेंट में खुद को सफलतापूर्वक स्थापित कर लेने के बाद भारत में वेस्पा का लॉन्च अप्रैल 2012 में किया गया।

कंपनी का अत्याधुनिक प्लांट बारामती, महाराष्ट्र में है, जहां यह आईकोनिक वेस्पा, अप्रिलिया एवं नए लॉन्च किए गए अप्रिलिया स्टॉर्म का निर्माण करती है। यह बारामती में एक पृथक विनिर्माण इकाई में 3 एवं 4 पहिया कमर्शियल वाहनों का निर्माण भी करती है।

गांधी जयंती के अवसर पर घरेलू शेयर, कमोडिटी बाजार बंद

मुंबई (आरएनएस)। गांधी जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश होने के कारण बुधवार को देश के शेयर बाजार और कमोडिटी बाजार में नियमित कारोबार बंद रहा। पूरा देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मना रहा है। महात्मा का जन्म दो अक्टूबर 1869 को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। सत्य और अहिंसा के प्रबल पुजारी महात्मा गांधी ने देश को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

घरेलू शेयर बाजार और कमोडिटी बाजारों में गुरुवार से पूर्ववत नियमित कारोबार जारी रहेगा। इस सप्ताह के आरंभिक दो सत्रों में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी रहा। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के 30 शेयरों पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को 361.92 अंकों यानी 0.94 फीसदी की गिरावट के साथ 38,305.41 पर बंद हुआ।

पेट्रोल, डीजल के दाम स्थिर, कच्चे तेल में तेजी

नईदिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि का सिलसिला एक बार फिर थम गया है। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के भाव लगातार दो दिन बढ़ाने के बाद बुधवार कोई बदलाव नहीं किया। लेकिन अमेरिका में कच्चे तेल का भंडार घटने की रिपोर्ट के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी का रुख बना हुआ था। अमेरिकन पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट की मंगलवार की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में कच्चे तेल का भंडार पिछले सप्ताह 59 लाख बैरल घट गया। इससे उम्मीद की जा रही थी कि अमेरिका में कच्चे तेल का भंडार बढ़ेगा। हालांकि एनर्जी इन्फोरेमेशन एडमिनिस्ट्रेशन की साप्ताहिक रिपोर्ट बुधवार को आने वाली है, जिसका बाजार को इंतजार है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम बिना किसी बदलाव के क्रमशः 74.61 रुपये, 77.23 रुपये,

80.21 रुपये और 77.50 रुपये प्रति लीटर बने हुए हैं। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी पूर्ववत क्रमशः 67.49 रुपये, 69.85 रुपये, 70.76 रुपये और 71.30 रुपये प्रति लीटर बने हुए हैं।

महिला हॉकी: भारत-ब्रिटेन मैच गोलरहित ड्रॉ पर छूटा

मारलॉ (इंग्लैंड)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने इंग्लैंड दौरे का अपना तीसरा मैच मंगलवार को यहां गोलरहित ड्रॉ खेला। दोनों टीमों ने सतर्क शुरुआत की। भारतीय टीम ने पहले चॉर्टर के आखिर में आक्रामक रवैया अपनाया और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाई। भारतीय टीम ने दूसरे चॉर्टर में भी आक्रामक रवैया अपनाया। उसे 20वें मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन ब्रिटिश टीम ने इसका भी शानदार बचाव किया।

तीसरे चार्टर के शुरू में भी भारतीय टीम ने पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन उसने इसे भी खराब कर दिया। ब्रिटेन ने जवाबी हमला करके 35वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने उसका अच्छा बचाव किया। भारतीय टीम ने आक्रामक रवैया बरकरार रखा और 38वें मिनट में उसे चौथा पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन इस बार भी उन्हें नाकामी मिली।

भारत ने जीता टॉस, लिया बैटिंग का फैसला

विशाखापट्टनम। भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने बुधवार को यहां एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। दोनों टीमों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर बढ़त हासिल करने पर होंगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज 1-1 से बराबर रही थी।

मेजबान टीम ने इस मैच के लिए युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की जगह अनुभवी रिद्धिमान साहा को टीम में जगह दी है। रोहित शर्मा सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे।

दक्षिण अफ्रीका की टीम इस मैच के साथ अपने आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप के अभियान की भी शुरुआत करेगी।

टीमें :

भारत : विराट कोहली (कप्तान), अजिंक्य रहाणे (उप-कप्तान), रोहित शर्मा, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, हनुमा विहारी, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), ईशांत शर्मा, मोहम्मद शमी।

दक्षिण अफ्रीका : एडिन मार्कराम, डीन एल्गर, थेयुनिस डे ब्रयून, टेम्बा बावुमा (उप-कप्तान), फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), चिंटन डी कॉक (विकेटकीपर), वार्नोन फिलेंडर, सेनुरान मुतुसामी, केशव महाराज, डेन पिएड्ट, कागिसो रबादा।

अब कॉल आने पर नहीं बजेगी 45 सेकेंड फोन की घंटी

नईदिल्ली (आरएनएस)। एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने उनके नेटवर्क से बाहर जाने वाली कॉल पर घंटी बजने का समय घटाकर अब सिर्फ 25 सेकेंड कर दिया है। आमतौर पर कॉल आने के समय बजने वाली फोन की घंटी की अवधि 40 से 45 सेकंड होती है। लेकिन अब इसे घटाकर 25 सेकेंड कर दिया है। एयरटेल और वोडाफोन आइडिया के उठाए गए इस कदम का मकसद कॉल जुड़े रहने के समय के मुताबिक उसपर लगने वाले इंटरकनेक्ट उपयोग शुल्क की लागत घटाना भी है। टेलिकॉल रेगुलेटरी ऑथेरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने इंटरकनेक्ट शुल्क मामले में उसके किसी आधिकारिक निर्णय पर पहुंचने से पहले आपस में कड़ी प्रतिस्पर्धा में उलझी दूरसंचार कंपनियों से सर्वसम्मति से किसी समाधान पर पहुंचने के लिए कहा था।

इंटरकनेक्ट उपयोग शुल्क किसी एक नेटवर्क को दूसरे नेटवर्क के दी जाने वाली सेवाओं पर दिया जाता है। इसमें जिस नेटवर्क से कॉल की जाती है वह कॉल पहुंचने वाले नेटवर्क को यह शुल्क अदा करता है। अभी इसकी दर छह पैसा प्रति मिनट है। एयरटेल ने इस निर्णय की जानकारी देने के लिए ट्राई को 28 सितंबर को एक पत्र भेजा है। वहीं सूत्रों ने जानकारी दी कि वोडाफोन आइडिया ने भी चुनिंदा परिक्षेत्रों में फोन की घंटी बजने

की अवधि घटाने का निर्णय किया है। एयरटेल ने कहा कि उसने फोन की घंटी बजने की अवधि को 25 सेकंड तक सीमित करने का निर्णय किया है। नियामक की ओर से इस संबंध में कोई स्पष्ट निर्देश ना होने के चलते कंपनी के पास कोई और विकल्प नहीं बचा है।

पहली बार ओपनिंग करने उतरे रोहित शर्मा, जड़ी शानदार हाफ सेंचुरी

विशाखापत्तनम। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच विशाखापत्तनम में खेले जा पहले टेस्ट में पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने सधी हुई शुरुआत की है। नजरें टेस्ट में पहली बार ओपिनिंग करने उतरे रोहित शर्मा पर टिकी हैं। मयंक के साथ क्रीज पर उतरे रोहित लय में नजर आ रहे हैं।

समां के चावल के साथ बनाएं गरमा-गरम 'आलू की कढ़ी'

सामग्री :

आलू- उबले और मैश किए हुए. सिंघाड़े का आटा- 1/2 कप, सेंधा नमक- स्वादानुसार, मिर्च पाउडर- 1/4 चम्मच, तेल- फ्राई के लिए, दही- 1 कप, जीरा- 1/2 टीस्पून, अदरक- टुकड़ों में कटा हुआ, धनिया पाउडर- 1/2 टीस्पून, पानी- आवश्यकतानुसार, करी पत्ता- 6-7, धनिया पत्ती- गॉर्निशिंग के लिए

विधि :

आलू में सिंघाड़े का आटा, नमक, मिर्च पाउडर मिलाकर एक गाढ़ा बैटर तैयार कर लेंगे। थोड़ा सा बैटर अलग रखकर बाकी की पकौड़ियां बना लेंगे।

बचे हुए बैटर में दही और पानी मिलाकर और स्मूद बैटर बना लेंगे।

अब कढ़ाही में दो चम्मच घी डालकर गरम करें। फिर इसमें करी पत्ता, जीरा और साबुत मिर्च तड़काएं।

इसके बाद इसमें बैटर, नमक और धनिया पाउडर मिक्स करें।

एक उबाल आने पर आंच धीमी कर दें औ बैटर गाढ़ा होने पर पकौड़ी डालें।

कढ़ी पूरी तरह पक जाने पर इसे हरे धनिया से गॉर्निश करें।

समां के चावल के साथ परोसे गरमा गरम आलू की कढ़ी।

शब्द सामर्थ्य- 04

बाएं से दाएं

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

ऊपर से नीचे

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 03 का हल

मै	दा	न		स	र	ग	म	
त्री		सी			क्षा		धु	रीं
	सा	ह	स				र	
स्वा	ग	त		स	म	झीं	ता	
व	र			र				म
लं		वि	ला	स			दा	म
बी	न		ज		सा	मा	न	ता
	ज		वा	हि	या	त		
त	र	की	ब		ना		खा	ली

सू-दोकू- 04

	9			2				1
		5	1				3	
7				9		8		5
	8		3		7		5	
2		7				1		3
	4			1			8	
6		2			9			
	5		7			3		
		8		5			6	7

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.03का हल

7	8	2	6	3	1	4	5	9
6	4	1	8	5	9	2	7	3
9	3	5	4	7	2		1	8
2	6	3	1	9	7	5	8	4
5	7	8	3	6	4	1	9	2
1	9	4	5	2	8	7	3	6
4	5	7	2	8	3	9	6	1
3	1	6	9	4	5	8	2	7
8	2	9	7	1	6	3	4	5

आज का राशिफल

मेषः- घरेलू माहौल अनुकूल बना रहेगा, जो लोग धन संबंधी या वित्तीय सहायता पाना चाहते हैं, उनके लिए भी समय बहुत अच्छा है।

वृषभः- यदि आप नौकरी ढूंढ रहे रहें तो आज इंटरव्यू में आपको सफलता प्राप्त होगी। अति लोभ से बचें, बहार के खाने से बचें।

मिथुनः- आपका समय अपने परिवार और दोस्तों के साथ एक खुश मिजाज माहोल में बीतेगा जो आपको नयी उर्जा व स्फूर्ति से भर देगा।

कर्कः- आपको पदोन्नति का अवसर मिलने की संभावना है। आप इस समय को अपनी बुद्धि का इस्तेमाल अपने पक्ष में करेंगे।

सिंहः- अविवाहितों के लिए विवाह के नए अवसर प्राप्त होंगे। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय अनुकूल है वो भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

कन्याः- वैवाहिक अथवा प्रेम संबंधों के लिए समय मिश्रित है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करने में सक्षम रहेंगे।

तुलाः- प्रेम संबंधों के प्रति लापरवाही बरतने से मन-मुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। भविष्य की योजनाएं बहुत सूझबूझ कर बनाएं।

वृश्चिकः- जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे. मधुरवाणी से सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ाएंगे। आलस्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवरोधक होगा।

धनुः- कोई महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग प्राप्त होगा, किसी बाहरी व्यक्ति या बाहरी स्थान से लाभ हो सकता है।

मकरः- नए कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी अथवा खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते है। राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्ति यों के अच्छा समय है।

कुंभः- घर गृहस्थी का वातावरण अच्छा नहीं दिखाई देगा, ससुराल पक्ष का तनाव उपस्थित हो सकता है, स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा।

मीनः- प्रेम संबंध में भी कुछ दूरी बनेगी। इनसे संबंधित मामलों को निर्णायक मोड़ पर लाने की आवश्यकता नहीं, आत्मविश्वास की कमी बनेगी।